हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
5
जबलपुर, मंगलवार 10 जून 2025
login : www.haribhoomi.com
पांढ़ुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई

खबर संक्षेप

## प्रभारी मंत्री लेंगे जिला योजना समिति की बैठक

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह 12 जून 2025 गुरूवार को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक लेंगे। कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिला योजना अधिकारी छिंदवाड़ा ने आयुक्त नगरपालिक निगम, परियोजना अधिकारी नगरीय विकास विभाग, उप संचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी, प्रभारी अधिकारी (आपदा प्रबंधन) राजस्व विभाग, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन एवं संबंधित सभी अधिकारियों से विभागीय जानकारी के साथ उपस्थिति का अनुरोध किया है ।

## तीन माह का खाद्यान्न एकमुश्त वितरण का किया गया शुभारम्भ

**छिन्दवाड़ा।** जिला आपूर्ति अधिकारी छिंदवाड़ा ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार माह जून-2025, जुलाई-2025 एवं अगस्त-2025 तीन माह की पीडीएस के अंतर्गत पात्रतानुसार राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण कराये जाने के निर्देश हैं । इस संबंध में आज स्थानीय शासकीय उचित मूल्य दुकान सुकलूढाना के वार्ड नंबर-18 में छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को माह जून-2025, जुलाई-2025 एवं अगस्त-2025 तीन माह का खाद्यान्न एकमुश्त वितरण का शुभारम्भ किया गया । कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री साहू द्वारा आमजन से चर्चा करते हुये हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संबंध में भी अवगत कराया गया। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे संबंधित उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर माह जून-2025 से अगस्त-2025 तक तीन माह की एक मुश्त राशन सामग्री प्राप्त करें ।

### सोमवार रहा सबसे गरम दिन, घरों से निकलने में परहेज कर रहे लोग

# तेज गर्मी की तपन से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

बीते दो-तीन दिनों से शहर में गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। गर्मी की तपन से लोग हलाकान हो रहे है। सोमवार का दिन इस सीजन का सबसे गरम दिन रहा। सोमवार को शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। वहीं लोग गर्मी से बचने के लिए ठंडे पेय पदार्थों को उपयोग कर रहे है।



बीते दो दिनों से शहर में दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा है, रविवार को भी ये नजारा देखने को मिला जब दोपहर के समय सूर्य देवता के तीखे तेवर देखने को मिले। दोपहर के समय लोग घरों में कैद रहे जिसके कारण सडकों पर सन्नाटा दिखाई दिया। कुछ लोग जरूरी काम से सडको पर दिखाई भी दिये उन लोगो ने गर्मी की लपटों से बचने अपने सिरों पर गमछे का सहारा ले रखा था। बता दे कि शीतल पेय की दुकानों में भी दिन भर लोगों का हुजूम लगा रहा। गमी से हालाकान लोगों ने तरल पेय पदार्थों का सेवन करते हुए नजर आए। इससे उन्हें आंशिक तौर पर राहत मिल जाती है। दो दिनों से इन पेय पदार्थोंकी बिक्री में अचानक उछाल आया है। पिछले पंद्रह दिनों ये दुकान संचालक परेशान हो रहे थे। बहरहाल गर्मी ने जहां लोगों को परेशान करने का काम किया है वहीं शीतल पेय पदार्थ की दुकान संचालकों को राहत पहुंचाई है।

जिला अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की कतार नजर आ रही है। इन अस्पतालों में सुबह से ही मरीजों की भीड लगने लगती है। चिकित्सकों का कहना है कि लू की वजह से उल्टी और दस्त के अलावा बुखार के मरीज सामने आ रहे है। अचानक बदले इस मौसम ने इन बीमारियों को बढ़ा दिया है।

### लोग कूलर-पंखों का कर रहे उपयोग

रविवार की दोपहर में गर्मी का कहर कुछ इस कदर रहा कि लोग उमस व गर्मी के कारण बेहाल हो गये। घर के बाहर लोग पेड की छांव तलाशते नजर आये तो घर में लोग बिना कुलर पखे के नहीं रह पा रहे है। लोग दोपहर भर घरों में कूलर पंखों की हवा में समय बीताते नजर आये। बता दे कि शाम के समय लोगों को थोडी राहत मिली लेकिन रात में भी उमस के चलते लोगों को परेशान होते देखा गया। जून माह का दूसरा सप्ताह चल रहा है और गर्मी का कहर अपने सवाब पर है। सूरज तेज आग उगल रहा है जिसके चलते लोग छांव व ठंडे पेय पदार्थ का सेवन कर रहे है।

### पेड़ों में पक्षियों के लिए बांधे है सकोरे

बता दे कि भीषण गर्मी का दौर शुरू है ऐसे में पक्षियों को दाना पानी मिल सके इसके लिए अभियान चलाया गया था जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरों में भी समाज सेवी जगह जगह पेडो पर पानी के सकोरे बांध रहे है ताकि पक्षियों को गर्मी में दाना पानी मिल सके। बता दे कि भीषण गर्मी के चलते जब इंसानों का कंठ सुख जाता है तो पक्षियों की क्या दशा होती होगी इसी सोच के साथ समाज सेवियों ने यह अभियान शुरू किया है। स्कूल कॉलेजों में भी पेडो पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की जा रही है।

### पत्थरों और लाठियों से तोड़े शीशे

## 15 युवकों ने ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर दस हजार छीने

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



कल देर रात्रि में सौंसर से पांढुर्ना होते हुए अकोला जानेवाले एक ट्रक को कुछ युवकों ने रास्ते में रोककर पत्थरों और लाठियों से शीशे तोडे और ड्राइवर के साथ बुरी तरह मारपीट कर 10 हजार रू. छीनकर चले गए। थाना प्रभारी अजय मरकाम ने बताया कि मामला विवेचनाधीन है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस ट्रक में किसान के उपयोग में आनेवाला खाद लदा हुआ था। चालक चंद्रशेखर कैथवार के अनुसार युवक सौंसर के बाद से ही ट्रक के पीछे कार और मोटरसाइकिल से चल रहे थे। रास्ते में कुछ और युवक भी इन युवकों के साथ हो लिए। पांढुर्ना के पहले युवकों ने ट्रक को ओवरटेक कर रोकने पर मजबूर कर दिया जिनकी संख्यात 15-20 बतायी जा रही है। हमलावरों ने पहले तो ट्रक में गोवंश लदा होने की बात कही। इसके बाद युवकों ने ट्रक के सामने के शीशें पत्थर और डंडे मारकर तोड दिए। इन युवकों ने ड्राइवर के साथ बुरी तरह मारपीट की और 10 हजार रू. जबरन छीनकर ले गए। चालक का इलाज स्थानीय सिविल अस्पताल में किया जा रहा है।

## फिर सड़कों पर लग गई दुकानें



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

पिछले दिनों परासिया रोड से अतिक्रमण हटाने के बाद फिर से यहां गुमठियां लगना शुरू हो गई है। निगम अमले की कार्यवाही के बाद भी इन दुकानदारों को कोई खौफ नहीं है। ये दुकानदार कार्यवाही होने के बाद भी फिर से दुकानें लगाते नजर आ सकते है। बीते दिनों कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देश पर नगर निगम अमले ने अतिक्रमण हटाओ अभियान को शुरू किया था। और शहर के मुख्य मार्गों में पसरा अतिक्रमण को हटाने की तबाड़तोड़ कार्यवाही को अंजाम दिया था। रविवार शासकीय अवकाश होने के कारण नगर निगम अमला सब्जी बाजार नहीं पहुंचा। इसी का फायदा उठाते हुए सब्जी विक्रेताओं ने एक बार फिर शहर के दीनदयाल पार्क के आसपास की सड़को पर सब्जी की दुकानें सजा ली है। जिससे आवागमन में राहगीरों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब हो कि नगरमैदान के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया। बता दे कि नगर निगम की कार्रवाई के डर से अतिक्रमणकारियों ने अपनी दुकान दशहरा मैदान में छुपाई थी। इसी को लेकर निगम अमले ने सारी गुमठिया जब्त कर ली है।निगम ने सब्जी विक्रेताओं के लिए जेल बगीचा कॉम्प्लेक्स टिन शेड बनाकर दिए है।

## जल संरक्षण के लिये शपथ भी दिलाई गई

**छिन्दवाड़ा।** पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन, विकासखंड समन्वयक श्री अनिल बोबडे एवं नवांकुर संस्था सेवा सदन सौंसर के मार्गदर्शन में ग्राम मुंगनापार में नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि श्री एस.के. सिन्हा, परामर्शदाता श्री भोजराज निगम एवं उपस्थित लोगों द्वारा सर्वप्रथम पौधारोपण किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ परामर्शदाता श्री दिनेश सोमकुंवर द्वारा दिलाई गई। इसके बाद जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर जल संरक्षण के लिये ग्रामीणों से चर्चा की और दीवार लेखन का कार्य किया गया । कार्यक्रम में ग्राम के सचिव श्री धर्मेंद्र चौरे, श्री सुरेंद्र मुरड, श्री मनोज डोंगरे, श्रीमती ऊमाबाई भादे, श्री मधुकर हिंगवे, श्री गोकुल, श्री चंद्रशेखर डोंगरे, श्रीमती वंदना, श्रीमती सरस्वती, श्री मनोहर, श्रीमती मुन्नीबाई, श्री आशीष, श्रीमती ललिता, श्री हंसराज, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री नरेंद्र हिंगवे उपस्थित थे ।

### कन्हान में की गई नर्सरी की स्थापना

**छिंदवाड़ा।** म.प्र.जन अभियान परिषद भोपाल द्वारा निर्देशित कार्ययोजना के अनुसार हरियाली अमावस्या पर वृहद पौधारोपण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं म.प्र. जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक श्री संजय कुमार बामने की उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था अध्यक्ष श्री बुनेश राजबैठे के नेतृत्व में विकासखंड जुन्नारदेव के अंतर्गत चयनित संस्था खुमकाल सेक्टर-01 के तहत आदर्श ग्राम कन्हान वनग्राम में नर्सरी की स्थापना की गई।

## भाजपा शिवपुरी मंडल कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, संभागीय प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी संतोष पारिक, विधानसभा प्रभारी, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से भाजपा शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल द्वारा भाजपा शिवपुरी मंडल समिति घोषित की गई । भाजपा शिवपुरी मंडल की घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अजयप्रताप शाही, रूपेश जैकी नागवंशी, रामशंकर चन्द्रवंशी, चन्द्रभूषण सूर्यवंशी, रामेश्वर चन्द्रवंशी, कृष्ण मोहन सूर्यवंशी, महामंत्री मुकेश सालवंशी, देवी सिंह राजपूत, मंत्री श्रीमति लक्ष्मी भलावी, श्रीमति मीना डेहरिया, श्रीमति प्रमिला शिववंशी, मनोज सूर्यवंशी, श्रीमति कमला सोनपुरे, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, कोषाध्यक्ष श्रीमति सीमा भलावी, कार्यालय मंत्री ईश्वरी नागले, मीड़यि प्रभारी नीरज मोर्य, आईटी प्रभारी अरविंद डेहरिया, सोशल मीडिया प्रभारी श्री साहिल हितगेन, मन की बात प्रमुख अंकित सूर्यवंशी, व्हाट्सएप गुरप प्रमुख मुकेश नागवंशी, लाभार्थी प्रमुख गोपाल भलावी, बीएलए प्रमुख मोहन बारासिया, कार्यकारणी सदस्य श्रीमती सीमा सूर्यवंशी, सुनील उईके, बलराम डेहरिया, जितेन्द्र सूर्यवंशी, नन्हेराम गोहिया, जयकुमार दद्दु चन्द्रवंशी, श्रीमति हेमलता सिंह, अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार नागवंशी बनाए गए हैं।

## उपतहसील दमुआ को दिया जाए तहसील का दर्जा



**दमुआ।** उपतहसील दमुआ को तहसील का दर्जा शीघ्र दिया जाए। इस संबध में वर्षो पूर्व मुख्यमंत्री मा. शिवराज सिंह चौहान जी के द्वारा घोषणा की गई थी कि दमुआ उपतहसील को तहसील बनाया जावेगा तथा तहसील बनाने का प्रस्ताव भी जिला कलेक्टर छिन्दवाडा के समक्ष प्रस्तावित भी था कि पूर्व सी.एम. के हटते ही मामला आज भी प्रस्तावित जिला कलेक्टर के समक्ष है। किन्तु दमुआ उपतहसील को तहसील बनाने के लिए लगातार दमुआ नगर शहर के व्यापारी, नगरिकगण, जनप्रति निधीगण अभी भी तहसील बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है और सरकार मे बैठे प्रमुख मंत्री मुख्यमंत्री, राज्यपाल , प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक आदि को पत्र लिखकर एवं ज्ञापन के माध्यम से तहसील बनाने हेतु लगातार प्रयास कर रहे है जिससे ऐसा प्रतीत होता है शीघ्र ही इनकी मेहनत रंग लगायेगी और दमुआ सहित आसपास के ग्रामीण जनो को अपने कार्यो के लिए जुन्नारदेव, के चक्कर नही काटना पडेगा। जिससे इनका पैसा एवं समय दोनो बचेगा। ऐसा दमुआ के जनमानस एवं नागरिकों की मांग है।

### आज होगा बैडमिंटन स्पर्धा का समापन, विजेता उपविजेता होंगे पुरस्कृत



**छिंदवाड़ा।** जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर जुनियर प्रतियोगिता के फाइनल चरण के मैचों का आयोजन ओलिंपिक स्टेडियम में आज सम्पन्न होगा जिसमें जिले भर के जुनियर व सीनियर महिला पुरुष खिलाड़ियों ने भाग ले कर फाइनल में जगह बनाई स्पर्धा सचिव जावेद खान ने बताया कि 10 जून को 3 सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट पर फाइनल मुकाबले खेले जावेंगे इसी दौरान आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए जिले की 22 सदस्यीय टीम का चयन भी किया जाएगा आज खेले गए जुनियर सीनियर मैचों में फिर से कोयलांचल व छिंदवाड़ा नगर का दबदबा बरकरार रहा 10 जून को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण , जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहेंगे आज के मैचों में चयनकर्ता एवं निर्णायक के रूप में जावेद खान,राकेश चौरसिया, अक्षय मक्कड़ ,अतिकेश मेहता, रत्नेश दुबे, अक्षत शुक्ला,अश्वंत मार्को , पार्थ चौकसे , निकुंज डेहरिया, भाविक धुर्वे, भविष्य सूर्यवंशी, वैभव वाडिवा, यशवीर सिंह , उपस्थित थे स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैंस ने बताया कि 10 जून को समापन अवसर पर खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को कैश प्राइज , मेडल , ट्रॉफी और टीशर्ट से सम्मानित किया जाएगा उन्होंने खेल प्रेमियों से खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहने की अपील की है।

## गुरैया रोड पर स्पीड ब्रेकर नहीं बनने से कभी भी हो सकती है दुर्घटना



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

गुरैया रोड पर स्पीड ब्रेकर नहीं बनने के कारण यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। यहां जो नालियां बनाई गई है ये सड़क से ऊपर बना दी गई है जिस वजह से यहां से गुजरने वाले यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस रोड पर थोक सब्जी मंडी है इसलिए इस मार्ग से लोग अधिक संख्या में आवागमन करते है।

गुरैया थोक सब्जी मंडी जाने वाला मार्ग व्यस्तम मार्गों में शुमार है। सब्जी मंडी होने के कारण इस मार्ग पर दिन भर वाहनों को आवाजाही बनी रहती है। सड़क का चौड़ी कारण होने के बाद इस मार्ग पर हादसे की संभावनाएं बढ़ गई है। दिन भर यहां से निकलने वाले अधिकांश वाहन बेलगाम गति से निकल रहे है। जो कभी भी हादसे को जन्म दे सकते है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस मार्ग पर एक भी स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया गया है। इसीलिए वाहन चालक भी बेलगाम गति से वाहन चला रहे है। गुरैया नाका निवासी श्री ठाकरे ने बताया जब से सड़क का चौड़ीकरण हुआ है, बत से यहां वाहनों की आवाजाही अधिक बढ़ गई है। रोड क्रास करने में भी समय लगता है।

## दमुआ पुलिस ने नाबालिक को परिजनों को सौंपा

### पुलिस अधीक्षक ने टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

दमुआ पुलिस ने एक नाबालिग जो काफी समय से गुम चल रही थी उसे सोमवार को पुलिस ने ढूंढ निकाला और परिजनों को सौंपने में सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार मुस्कान अभियान के तहत नाबालिक बालक बालिका की दस्तयाबी हेतु विशेष दिशा निर्देश दिये गये निर्देशों के पालन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रियंका पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दमुआ उप निरीक्षक राजेश साहू के द्वारा टीम गठित की गयी गठित टीम द्वारा थाना दमुआ के अपराध से संबंधित नाबालिक बालिका बालकों की दस्तयाबी हेतु सायबर सेल छिंदवाडा की मदद से कार्रवाई करते हुए 01 बालिका एवं 01 महिला को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है ।

विवरण अपराध क्रमांक 32/25 धारा 137 (2) के तहत अपहत बालिका को मण्डीदीप जिला रायसेन से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। गुमइंसान क्रमांक 16/24 के तहत गुमशुदा महिला को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की।

बालिका एवं महिला की सकुशल बरामदगी से परिजनों में खुशी की लहर है। इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम की सराहना की है।

महत्वपूर्ण भूमिका.थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजेश साहूए सउनि शैलेष सिंह ठाकुरएमप्रआर 770 कमला जाटवए आरक्षक 795 नितिन रघुवंशी की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ाद्वारा सराहनीय कार्य हेतु टीम को पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई।

### पानी के लिए तरस रहे बीजापठार के ग्रामीण

**दमुआ।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव के तहत आने वाली ग्राम पंचायत भरदी के अन्तर्गत बीजा पठार के स्कूल के पास जो पानी का बोर दिय गया है उससे पानी की सप्लाई की व्यवस्था तक नही बनाई गई है। गांव ग्रामीण क्षेत्रो कस्बां में आज भी पानी की समस्या बनी हुई है और पानी का संकट छाया हुआ है जबकि स्कूली बच्चे भी पीने के पानी के लिए जूझते नजर आते है। पानी के लिए तडपते है पर पानी तक नसीब नही होता गांव के स्कूल के पास पानी का बोर किया गया है पर अभी तक पानी आपूर्ति करने की व्यवस्था तक नही बनाई गई है। पानी जैसे समस्या परेशानी से लोग जूझ रहे है बीठापठार गांव के ग्रामीण जनो ने श्री सम्पत दर्शमा , राजाराम दर्शमा, सुमरलाल शीलू, छतरसिंग राजभोपा वार्ड नं. 11 पंच सहित अन्य ग्रामीण जनो का कहना है कि ग्राम पंचायत भरदी एवं पी.एच.ई. जल संसाधन विभाग जुन्नारदेव को गांव कस्बो टोले स्कूल में अन्य कोई वैकल्पिक पानी की व्यवस्था बनाने की मांग ग्रामीण जनो ने की है।

## लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष की बैठक 15 को

### दोपहर 11 बजे पहुंचेगे लोकतंत्र सेनानी जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

लोकतत्र सेनानी संघ के प्रदेश सचिव एवं जबलपुर संभाग प्रभारी अजय औरंगाबादकर ने बताया कि केन्द्र सरकार ने 25 जून को ''संविधान हत्या दिवस'' घोषित किया है । भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल के काले अध्याय को जनता के सामने उजागर करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है । इन कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी के साथ लोकतंत्र सेनानी भी आपातकाल की जुल्म और ज्यादतियों से जनता को अवगत करायेंगे । इसी तारतम्य में जबलपुर संभाग के सभी लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष की एक आवश्यक बैठक दिनांक 15/06/2025 दिन रविवार दोपहर 11 बजे संभागीय भाजपा कार्यालय जबलपुर में माननीय प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक जी की अध्यक्षता में बैठक होगी । संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रदेश स्तर पर 5 नेताओं की समिति बनाई है । जिसमें श्री आलोक शर्मा सांसद को भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग श्री तपन भौमिक को जबलपुर और सागर संभाग, श्रीमती माया नारोलिया राज्यसभा सांसद को ग्वालियर और चंबल संभाग, श्री लोकेन्द्र पाराशर को रीवा और शहडोल संभाग और श्री यशपाल सिंह सिसोदिया को उज्जैन और इंदौर संभाग 25 जून को आयोजित कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी गई है । श्री औरंगाबादकर जी ने सभी जिलों के लोकतंत्र सेनानियों के अध्यक्ष एवं लोकतंत्र प्रहरी संयोजकों को समय पर पहुंचे का आग्रह किया है ।

### सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का सांसद ने किया सम्मान

## मोदी सरकार में गरीब परिवारों को सम्बल : सांसद बंटी साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा शहर के वार्डो में जाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का उनके घरों एवं कार्यक्रम स्थलों में जाकर सम्मान किया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्जवला योजना के हितग्राहीयों को फूलों एवं शॉल, श्रीफल देकर सम्मान किया।

सांसद श्री साहू वार्ड नंबर 10 महुआ टोला पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेते हुए अपने घरों में रह रहे लोगों का उन्हीं के घरों के द्वार में पहुंचकर उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूर्ण हो गये है। जिसे लेकर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आप लोगों का सम्मान करने आया हूं। सांसद श्री साहू ने वार्ड नंबर 18 राजेन्द्र नगर वार्ड सुक्लुढाना पहुंचकर यहां पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों को मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें बधाई दी और उनका सम्मान किया एवं हितग्राहियों को राशन वितरित भी किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब परिवारों को संबल मिला है । महापौर विक्रम अहाके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा हमारे सांसद बंटी विवेक साहू के भी कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण हो गया जिसमें उन्होंने 100 स्वास्थ्य शिविर और अपने क्षेत्र में पदयात्राएं कर आम जनों की समस्याओं का निराकरण करने सहित कई जनहितैषी कार्य किए है।

सांसद ने संचार कॉलोनी में किया पौधरोपण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने वार्ड नंबर 40 संचार कॉलोनी में पहुंचकर यहा स्थित पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा प्रकृति संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है। प्रदेश सहित जिले में हरियाली अभियान को जन सहयोग से जन आंदोलन बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे वर्षा काल के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करें एवं उसके संरक्षण का संकल्प भी ले।

## जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये दिलाई गई शपथ

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन तथा विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के मार्गदर्शन में तामिया विकासखंड में परामर्शदाता श्रीमती स्वाति सूर्यवंशी के नेतृत्व में ¥विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम एंड प्लास्टिक पॉल्यूशन के अंतर्गत ग्रामवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले हानिकारक परिणामों को बताकर जागरूक किया गया। पर्यावरण को प्रभावित करने वाले कारक जैसे जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिये समुदाय की भागीदारी के बारे में बताया गया। साथ ही जल संरक्षण, स्वच्छता, पौधारोपण करने के लिये ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। शनि मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया तथा प्लास्टिक, प्लास्टिक बॉटल व कचरे को उठाकर उसका उचित प्रबंधन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जामुन, इमली, जाम के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया । इस अवसर पर स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी छात्रा लक्ष्मी उईके, प्रज्ञा विश्वकर्मा, सुमन साहू, श्रीमती किरण बाजपेई, श्रीमती सीमा, श्रीमती प्रीति, श्रीमती कीर्ति, श्रीमती सुमन व श्रीमती आरती ने सहभागिता की।



## कांग्रेसजन ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

# जननायक बिरसा मुंडा के चरणों में नतमस्तक हुए कांग्रेसजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीर क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा को कांग्रेस ने नमन करते हुये उनके कृत्तिव व व्यक्तित्व को याद किया। जल, जंगल और जमीन के लिये अंग्रेजों से संघर्ष करने वाले जननायक बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में मनाई गई। सम्पूर्ण विश्व में "धरती बाबा" के नाम से विख्यात आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा जी के चरणों में कांग्रेसजन नतमस्तक हुये और देश की आजादी के लिये स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करते हुये उन्हें हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ एवं कांग्रेस सेवादल के द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में



बिरसा मुंडा बलिदान दिवस मनाया गया। कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा जी का आज शहादत दिवस है। भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को एक नई दिशा देने के लिये अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। अंग्रेजों ने वीर सेनानी बिरसा मुंडा जी को रांची जेल में कैद कर रखा था, आज ही के दिन उन्होंने अंतिम सांस ली थी। कांग्रेसजन ने बिरसामुंडा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर देशहित में उनके योगदान को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

आयोजित कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे, गंगा प्रसाद तिवारी, गोविंद राय, अशोक तिवारी, प्रीतम पटेल, राजीव तिवारी, मनीष पांडे, सुरेश कपाले, शिव कुमार सिरसाम, संजय परतेती, संतोष भारती, इन्द्रभान, तेजीलाल धुर्वे, स्नेह सरेआम, रमेश उइके, पप्पू यादव, जीवन पटेल, अनिल सोमकुंवर, अजय मैद, नदीम अहमद, रमेश बेले, बलराम चौहान, देशराज बारस्कर, कैलाश विश्वकर्मा, पप्पू यादव, दीवाकर नारेकर, शेषराव उइके, यास्मीन खान, रानू डेहरिया, चिंटू पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## त्रि-दिवसीय सामूहिक जनसहभागिता से श्रमदान का शुभारंभ

**जुन्नारदेवः-** म प्र जन अभियान परिषद के तत्वाधान में मध्यप्रदेश शासन माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशानुसार एवं छिंदवाड़ा माननीय कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक अखिलेश कुमार जैन एवं म प्र जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक जुन्नारदेव संजय कुमार बामने के मार्गदर्शन में तथा परामर्शदाता आयुषी मालवीय, गोविंद नंदवंशी, की उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था अध्यक्ष बुनेश राजबैठे के नेतृत्व में खुमकाल सेक्टर 01 अंतर्गत आदर्श ग्राम कन्हान वनग्राम में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देश में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम के बोमली नाला में सामूहिक सहभागी जन-भागीदारी से बोमली खेत तालाब जल स्त्रोत कि साफ-सफाई और गहरीकरण किया यह कार्य निरंतर तीन दिन तक चलता रहेगा और साथ ही ग्रामीणजनों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। ताकि जल संरक्षण श्रमदान में अधिक से अधिक सहभागी बन सके।इस अवसर पर ग्राम रोजगार सहायक सचिव लीलाधर यदुवंशी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परिवर्तित दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था अध्यक्ष बुनेश राजबैठे, वन समिति अध्यक्ष चैतलाल उईके, सुनील यदुवंशी, धन्नू नागवंशी, रंगीलाल उईके, संतोष यदुवंशी,महावती उईके, दीपिका उईके, रजनी उईके, कलेसिया पंद्राम, रामवती शीलू, ललिता नागवंशी, सुनीता यदुवंशी, रमको उईके आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# श्री आदिनाथ जिनालय में हुआ रत्नत्रय विधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सोमवार के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री रत्नत्रय विधान का आयोजन कर सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र की मंगल आराधना की गई।विधान की मंगल अनुमोदना करते हुए जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि रत्नत्रय विधान कराने का सौभाग्य अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के संरक्षक सर्वश्री रमेशचंद्र, प्रमोदकुमार, अभिषेक सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ, विधान शुभारंभ पर मंगल कलश की स्थापना श्रीमती मालती सिंघई, नीति सिंघई, आराधना सिंघई द्वारा की गई। विधान की समस्त मांगलिक क्रियाएं युवा विद्वान पंडित ऋषभ शास्त्री एवं वर्धमान जैन द्वारा कराई गई।इस अवसर पर सिंघई परिवार के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन सहित सकल जैन समाज के श्रावक - श्राविकाओं ने देव - शास्त्र - गुरु भगवन्तों का मंगलकारी गुणगान करते हुए चंबर नृत्य किया ओर जिनशासन की मंगल प्रभावना की। विधान की पूर्णता पर सभी जिनशासन सेवकों ने शांति पाठ करते हुए महाअर्ध समर्पित कर विश्व शांति की मंगल कामना की।

# 11 दिवसीय शिविर का आज होगा समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

राष्ट्रवाद, व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं संस्कार, समाजसेवा को समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया है। लगातार 11 दिनों तक चल रहे इस शिविर का समापन आगामी 10 जून 2025 को शाम 5 बजे किया जाएगा। बीते 10 दिनों से यह शिविर का आयोजन नगर के नंदलाल सूद स्कूल मैदान में किया जा रहा है। यहां पर बालकों को भारतीय संस्कृति, शारीरिक प्रशिक्षण, बौद्धिक विकास, योग, खेलकूद तथा राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत गतिविधियों की जानकारी लगातार दी जा रही है। प्रतिदिन सांध्यकालीन बेला में 2 घंटे के इस अवधि में बालकों को राष्ट्रीय प्रेम, समाज सेवा और व्यक्तित्व विकास हेतु अनुशासन की महत्ता पर योग्य प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस ग्रीष्मकालीन शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अनिमेष जैन के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन शिविर के सफल संचालन हेतु शंकर लाल सेन, नितिन राजोरिया, विशाल साक्कले, जितेंद्र सूर्यवंशी, विवेक आरसे, समीर वर्मा, अशोक पंडोले, नैतिक बड़ोनिया, करण यादव, पर्व साहू, पुनीत मालवीय, कुलदीप बरहैया, सागर धुर्वे, गोल्डी जैन, प्रवीण बेलसरे, कुलदीप रघुवंशी, रोहित लांबा एवं महावीर यादव का सतत सहयोग प्रदान प्राप्त हो रहा है।

### शिविर में भारतीय संस्कृति एवं व्यक्तित्व विकास के लिए दिया जा रहा मार्गदर्शन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक के इस शिविर में प्रत्येक दिवस बालकों को राष्ट्र की गौरव गाथा, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़े संस्मरण का उल्लेख कर बालकों को इससे अवगत कराया जाता है इसके अतिरिक्त बालकों के व्यक्तित्व विकास हेतु योग, खेलकूद, व्यायाम, एवं न्यूद, दंड चलाने की प्रक्रिया से भी बालकों को पारंगत किया जा रहा है। इस शिविर के प्रतिदिन समापन पर आरएसएस के द्वारा जलपान एवं अल्पाहार की व्यवस्था भी की जा रही है।

# कांग्रेस ने मनाई बिरसा मुंडा पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज कांग्रेस ने विधायक निलेश उईके के जनसंपर्क कार्यालय में प्रकृति रक्षक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई। सर्वप्रथम बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन अध्यक्ष रवि खापेर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे, आदिवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अरूण धुर्वे, विधानसभा मीडिया अध्यक्ष राहुल



डोंगरे, सरपंच भंदारगोंदी सुरेंद्र वाडिवा, सरपंच परसोडी राहुल इवनाती, रामचंद्र कुमारे, भारत उईके, राजकुमार कुमरे, अजय उईके, अश्वीन धुर्वे, चेतन राउत, सुभाष परतेती, पंजाब मोजरेवार, महादेव खंडाते तथा अन्य उपस्थित रहे।

# पंकज बने गुणवंतबाबा सेवा समिति अध्यक्ष



**पांढुर्ना।** गत दिवस संत गुणवंतबाबा सेवा समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें पंकज मदनकर को आमसहमती से समिति अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समिति के उपाध्यक्ष सुधाकर धांडोले, कोषाध्यक्ष शंकर तहकित, सचिव वसंता धांडोले तथा सहसचिव जगदीश बालपांडे को बनाया गया। कार्यकाकिरणी सदस्यों में मनीष सहगल, महेंद्र केवटे, मनोज सांबारे तथा संदीप खुरसंगे को शामिल किया गया।

## थोक सब्जी मंडी व्यापारियों के साथ नगर पालिका परिषद की बैठक संपन्न

**जुन्नारदेव।** नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव द्वारा स्थानीय सब्जी मंडी के व्यापारियों के साथ नगरपालिका कार्यालय जुन्नारदेव में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा धुर्वे सहित नगर पालिका परिषद के पार्षद सभापति एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सब्जी मंडी मुख्य मार्ग पर यातायात को सुगम बनाने के साथ-साथ थोक सब्जी मंडी के व्यापारियों को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने की बात थोक सब्जी मंडी के व्यापारियों द्वारा रखी गई। नगर पालिका परिषद द्वारा भी क्षेत्र की जनता और व्यापारी यो को पर्याप्त सुविधा में प्रदान करने हेतु व्यापारी सहित आम जनों से सहयोग की अपेक्षा की गई साथ ही समस्त सुविधाएं मौहिया करने की बात भी कही गई। बैठक के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन सहित वार्डों के पार्षद एवं नपा के अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में थोक सब्जी मंडी के व्यापारी उपस्थित थे।

# गाईड की छात्राओं ने रेल्वे स्टेशन में रेल यात्रियों को पेयजल प्रदान कर की सेवा





### गाईड के विद्यार्थियों ने रेल्वे स्टेशन पर रेल यात्रियों को दिया ठंडा पानी

**वारासिवनी। भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार उपाध्याय बालाघाट एवं जिला संघ बालाघाट के नेतृत्व में 8 जून 2025 को जल सेवा शिविर का शुभारंभ रेलवे स्टेशन** वारासिवनी में किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा यात्रियों के सूखे कंठ को ठंडे पानी से तर किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंडकी, पीएम श्री विद्यालय लड़सड़ा एवं एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया बडग़ॉव के गाइडों ने भाग लिया। इनका नेतृत्व गाइड केप्टन श्रीमती उमावती मार्को, गाइड केप्टन सुश्री रेवती उईके, गाइड केप्टन श्रीमती रत्न माला गौरे एवं जिला काउंसलर हरि प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में यह सेवा कार्य रेलवे स्टेशन में किया गया। यह पुनीत कार्य को तपती गर्मी में राहतदेने का काम किया और यात्रियों ने भी इस कार्य की सराहना की। स्टेशन प्रबंधक अमन शर्मा और टिकट काउंटर पर बैठने वाले श्री गोंडाने द्वारा बच्चों के सेवाभावी कार्य का निरीक्षण करते रहे। उन्होंने देखा कि यह कार्य बहुत ही अच्छा हैं, उन्होंने यात्रियों से भी फीड बैक लिया। उन्होंने कहा कि हमने इस तरह गाइड के द्वारा किया जाने वाला सेवा कार्य पहली बार देखा। जिसमें विद्यालय की बालिका नैन्सी चौधरी, रुचि चौरे, भाविका चौधरी, माही मेश्राम, सलोनी हनवत, प्रेमा वाघाड़े, स्मृति नोन्नारे, डाली राहंगडाले, भावना चित्रीव आदि ने भाग लिया। उन्होंने शाला की प्राचार्य नंदा रंगारी और गाइड छात्रों का तहदिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि इसी तरह के कार्य भविष्य में भी सार्वजनिक स्थलों पर जैसे बस स्थानक केंद्र, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक चौक चौराहा पर भी आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा पेयजल पीला करके उनके आत्मा को तृप्त करने का कार्य किया गया हैं। जिसकी उन्होंने बहुत ही मुक्त कंठ से तारीफ की। जिला संगठन आयुक्त इनेंद्र डहरवाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त डोली राम भगत, जिला कोषाध्यक्ष भेजेंद्र कुमार चौधरी, जिला सचिव राजकुमार टेम्भरे ने भी इस कार्य की सराहना की।

# रेंगाटोला में भाजपा बूथ कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न पार्टी को मजबूत करने पर दिया गया जोर

वारासिवनी



जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत रेंगाटोला मेंशुभम बिसेन के निवास स्थान पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा एक महत्वपूर्ण बूथ कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जागपुर, छिंदी टोला, एकोड़ी, पुसूटोला, उमर टोला, भांडी, केरा, पिपरिया, आलेझरी और रजेगांव बूथों के अध्यक्षों सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत गनर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष चिरौंजी पारधी, मनोज हरिनखेड़े, पप्पू हरिनखेड़े, कन्हैयालाल नगपुरे, राधेलाल भोयर द्वारा भारत माता, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल और पूर्व मंडल अध्यक्ष चिरोंजी पारधी अध्यक्ष के रुप में उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र के सभी वरिष्ठजनों और सरपंच गणों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाना था। इस दौरान पार्टी के आगामी कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियानों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने बहुमूल्य विचार और सुझाव साझा किए। जो पार्टी की जमीनी पकड़ को और मजबूत बनाने में सहायक होंगी। कड़ी धूप के बावजूद बूथ अध्यक्षों का बैठक में भाग लेना पार्टी के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता हैं। इस मंथन से निकली रणनीतियां निश्चित रूप से पार्टी को आने वाले समय में और अधिक सफलता दिलाएंगे।इस अवसर पर संदीप मिश्रा अध्यक्ष नगर मंडल, मयंक मिश्रा मीडियाप्रभारी, मिथिलेश बुरडे सोशल मीडिया प्रभारी, मनोज हरिनखेडे, पप्प हरिनखेड़े, शुभम बिसेन, देवेंद्र सिंह मसराम, सुनील बिसेन, संदीप तेलासे, शशिकांत पारधी, कमलेश शरणागत, रमेश सोनी, सोहन खांडेकर, अनिल मुरारी,रविंद्र मुरारी, पवन चौहान, चंदन लाल खरे, रामू सहारे, घनश्याम आमाडारे,संतोष पटले, जितेंद्र सुलाखे, बसंत हरिनखेड़े, विनोद राहंगडाले, रामगिरीगोस्वामी, दिलीप बांसरे, पेडारी लाल, सतेश चौरे, छोटूराम देवगडे, मंगलबिसेन, दिनेश कुर्वे, लालचंद उइके, प्रताप लाल बिसेन, पूरनलाल राहंगडाले,शम्मी कपूर बिसेन, भोजलाल बिसेन, नैतलाल बिसेन, डॉक्टर हुकुमचंद बिसेन,तुलाराम बिसेन, भादू भोयर आदि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गुडरूघाट में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## कृषको को कम लागत पर अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए दि जानकारी

**हरिभूमि न्यूज़ खैरलांजी ।** सरकार के द्वारा कृषको के उत्थान और कृषि को बढ़वा देने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत 29 मई से की गई है जो 12 जून तक जारी रहेगा। इसी अभियान के अंतर्गत किसान कल्याण एंव कृषि विभाग के द्वारा 9 जून सोमवार को खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गुडरूघाट में कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान दल में मौजूद कृषि विभाग के पदाधिकारीयो के द्वारा कृषि विभाग में संचालित योजनाओ की विस्तृत जानकारी कृषको को दि। एंव योजनाओ का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।साथ ही देशी गाय के गोबर और मुत्र के महत्व को बताते हुए इन से तैयार होने वाले जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, दसप्रर्णी निमास्त्र के बारे विस्तृत रूप से बताया गया ताकि भूमि की उर्वरक शक्ति में सुधार हो जिससे कृषक कम लागत पर उत्पादन में बढौतरी कर सके ।साथ ही धान के साथ साथ अन्य फसलो को लगाने के कहा ताकि कृषको के आय में इजाफा हो सके । इस दौरान ग्राम सरपंच दिलीप बिसेन ने सरकार के द्वारा कृषको के हित में चलाये जा रहे अभियान की सराहना की और कृषको को कृषको के हित में संचालित योजनाओ का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान ग्राम सरपंच दिलीप बिसेन , दिनेश नागदेवे कृषि सभापति, एल. कुलस्ते जिला कृषि अभियांत्रिकी विभाग, डा. धनराज कटले सहायक प्राध्यापक मुरझड फार्म, , आर.पी. मर्सकोले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी खैरलांजी, कृषि अधिकारी पुजा रांहंगडाले, सत्यशीला मेश्राम, पवन कुमार डाहके ,धुर्वेसन दशहरे गौसेवक,ओमप्रकाश भैरम सचिव सहित अन्य कृषक मौजूद रहे।।

# चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बैहर पधारे पंथ श्री उदित मुनि नाम साहेब।

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** बालाघाट के बैहर तहसील में कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अथक प्रयासों से एवं आमीन माता महिला मंडल बैहर के सौजन्य से व कबीर ध्वज यात्रा की अगुवाई पर विगत 8 जून को श्री सदगुरु कबीर साहेब प्रगटोत्सव के महापर्व पर कबीरपंथी समाज के आराध्य गुरु नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी का बैहर की पावन धरा पर आगमन हुआ । यह अवसर कबीरपंथियो के लिए गौरवपूर्ण रहा। और साहेब जी के दिव्य दर्शन का लाभ कबीरपंथियो को मिला। लगभग 3 बजे पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी का दल कंपाउंडर टोला वार्ड नंबर 6 कबीर मंदिर आश्रम पहुंची, जहां आमीन माता महिला मंडल बैहर ने दिव्य ज्योत और कलश जलाकर भव्य स्वागत किया, व उदित मुनी नाम साहेब जी के द्वारा श्री कबीर आश्रम में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे ,जहां उन्होंने लगभग दस हजार से भी अधिक कबीरपंथ के अनुयायियों को संबोधित करते हुवे कहा की, मै श्री सदगुरु कबीर साहेब जी की वाणी, वचनों और साहेब जी के प्रेम को घर घर पहुंचाने आया हूँ, भेदभाव को हम सब मिलकर दूर करना चाहते है, समाज शांति और सौहाद्र की दृष्टि से जीव दया और आतम प्रेम हमारा लक्ष्य है।श्री कबीर साहेब जी ने समाज में फैली व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए विश्व में पद यात्रा की, आज उन्हीं का अनुसरण करते हुए, समाज को जगाने का कार्य हमारे द्वारा किया जा रहा है। आगे कहा की आज के इस मोबाइल युग में लोग अपने आप को सुंदर बनाने में लगे हैं। लेकिन तन को सुंदर बनाने से अच्छा है मन को सुंदर बनाओ इस तरह अपने कम शब्दों में सारगर्भित बाते कहकर कबीरपंथियो को जागरूक करने का काम पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी के द्वारा किया गया।

### धर्म प्रेमियों ने सराहनीय सहयोग कर भाईचारा का दिया परिचय

वैसे तो बैहर धर्म की सद्भवना और भाईचारे का गढ़ है। बैहर में निवासरत विभिन्न धर्मों के लोग जब भी कभी किसी भी धर्म का कोई कार्यक्रम होता है तो सभी धर्मों के लोग सराहनीय सहयोग प्रदान कर भाईचारे का संदेश देते नजर आते है। यहां सदियों से धर्म को लेकर एकजुटता बने रहने का मिशाल कायम है। जहां एक ओर मुस्लिम समुदाय के द्वारा शीतल जल वितरण कर आपसी सौहाद्र का परिचय दे रहे थे तो दूसरी ओर यादव समाज, महार समाज, सिन्धी और अन्य समाज के द्वारा कबीरपंथी अनुयायियों को ठंडा ज्यूस पिलाकर भाईचारे का परिचय दे रहे थे। इस तरह कबीरपंथी के आवागमन मार्ग पर स्टॉल लगाकर निस्वार्थ सेवा कर धर्म के प्रति सद्भवना और भाईचारे का संदेश देकर आज बैहर को सर्व धर्म एकता के मामले पर अव्वल बना दिया है। जो काफी प्रशंसनीय है। जिसको लेकर कबीरपंथी समाज बैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने ने बैहर में निवासरत सभी धर्मों के प्रेमियों को सहृदय धन्यवाद देकर आभार प्रकट करते हुवे उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### इनका रहा विशेष सहयोग

विगत 8 जून को श्री सदगुरु कबीर साहेब प्रगटोत्सव कबीरपंथियो के लिए ऐतिहासिक पल रहा। लम्बे अरसे से मांग थी की श्री सतपुरूष एक बार के लिए बैहर की पावन धरा पर पधारे, लेकिन यह कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज व आमीन माता महिला मंडल बैहर की मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने कबीर ध्वज यात्रा निकालकर प्रण किया था की, जब तक साहेब जी बैहर की पावन धरा पर नहीं पधारेंगे तब तक कबीर ध्वज यात्रा निरंतर चलती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी कल्याण के पूर्व अध्यक्ष एवं कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य वीरेंद्र खोंगल का हुआ भव्य स्वागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में दिनांक 7.6. 2025 को मध्य प्रदेश कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य वीरेंद्र खोंगल जी का आगमन हुआ इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा सिवनी के समस्त साथियों द्वारा उनका शाल श्रीफल एवं पुष्पमाला से भाव स्वागत किया गया साथ ही होटल नटराज सभागृह में खोंगल का उद्बोधन कार्यक्रम रखा गया जिसमें श्रीखोंगल द्वारा प्रमुखता से अनुकंपा नियुक्ति में सी पी सी टी की पात्रता समाप्ति ओल्ड पेंशन बहाली आउटसोर्स कर्मचारी के नियमितीकरण शिक्षा विभाग में लंबित अनुकंपा नियुक्तियां के प्रकरण आदि अनेकों विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षण करने की बात कही इस अवसर पर ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी संयुक्त मोर्चा तहसील अध्यक्ष रमेश यादव शिक्षक कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा आजक्स संभागीय पदाधिकारी संत मर्सकोले चंदन मर्सकोले छिंदवाड़ा कर्मचारी कांग्रेस अध्यक्ष सोनी प्रदेश पदाधिकारी भूषणकर डेहरिया प्रदेश सचिव कर्मचारी कांग्रेस महेंद्र पाठक राम प्रकाश लिपिक संघ जिला अध्यक्ष डी के कोल ओ पी एस जिला अध्यक्ष परिहार प्रदेश महामंत्री कर्मचारी कांग्रेसएरी साजिद खान संभाग अध्यक्ष राजेंद्र बघेल जिला अध्यक्ष सुभाष बघेल कृषि संघ से नौबत सनोदिया नोएल जोसेफ छपरा तहसील अध्यक्ष भोजराज संजू अवधिया आदि लगभग 200 से अधिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी नेता उपस्थित रहे इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक मंच संचालन प्रदेश महामंत्री मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस अरुण सैनी के द्वारा किया गया।

# शहर के सिगनल बने शोभा की सुपारी आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

## रोड डिवाइडर से फिर टकराई कार,10 वर्षीय बच्चे सहित महिला घायल

**नगर के मुख्य मार्ग बड़े मिशन स्कूल के सामने रानी दुर्गावती प्रतिमा से लगे मुख्य मार्ग के रोड डिवाइडर में रविवार की रात लगभग 10.15 बजे एक स्कूटी चालक को बचाने के चक्कर में कार रोड डिवाइडर से जा टकराई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



गौरतलब है कि इसी प्रकार की एक घटना बीते सप्ताह घटी थी। यहां पहले शनिवार की रात लगभग 8 बजे तेज रफ्तार से जा रही एक कार रोड डिवाइडर से टकरा गई। जिसके चलते कार क्रमांक MP 22 CA 1505 में सवार दो महिलाएं को चोटें आई थी। घायलों में एक महिला के सिर में ज्यादा चोट आई। वही आज रविवार को रात सवा दस बजे रोड डिवाइडर से एक कार जा टकराई। उक्त चौराहे पर ना तो यातायात सिग्नल काम कर रहे हैं और ना ही यातायात पुलिस की मौजूदगी रहती है। जिसके चलते यहां गांधी चौक में वाहन चालक बिना इंडिकेटर दिए व बिना हाथ दिए अपने छोटे बड़े वाहन को यहां से गुजरते हैं। जिसके चलते अन्य वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात 10:15 बजे पंजाब पासिंग एक सफेद रंग क्रमांक PB03L8888 की कार गांधी भवन के समीप मुख्य मार्ग के रोड डिवाइडर से जा टकराई। जिसमें कार में सवार एक लगभग 10 साल के बच्चे के सिर में चोट आई है। जहां उसकी मां ने उपचार के लिए एक ऑटो में अपने पुत्र को बैठालकर जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां उक्त घायल बालक का उपचार जारी है।

### लोगों ने की मांग

वाहन चालकों व नागरिकों ने मांग की है कि शहर के मुख्य चौराहों पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके यातायात सिग्नल लगाए गए हैं। लेकिन वर्तमान में यह सभी सिग्नल पूरी तरह से बंद पड़े हैं। इन्हें शीघ्र चालू किया जाए।

### शोभा की सुपारी बने यातायात सिग्नल

नगर के छिंदवाड़ा चौक, नगर पालिका चौराहे, गांधी भवन, जिला अस्पताल सहित अन्य कुछ चौराहों पर यातायात सिग्नल लगाए गए हैं। लेकिन शासन-प्रशासन की अनदेखी लापरवाही का नतीजा यह है कि मुख्य मार्ग में लगे यातायात सिग्नल कई वर्षों से बंद पड़े हैं जिनकी सुध लेने वाला कोई भी नहीं है, जिसके कारण इन चौराहों पर आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस और वह गंभीरता से ध्यान दें।



# तीन थानों पुलिस कार्यवाही: 70 हजार के साथ 11 जुआडी पकडाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा जुआ सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के हेतु सख्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा के निर्देशन में एवं सी.एस.पी. पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में सोमवार को तीन थानों कुरई, डूंडासिवनी व लखनवाड़ा की पुलिस टीम ने जुआ फड़ में धावा बोला। थाना कुरई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलबोडी क्षेत्र में तीन थानों (कुरई, डूंडासिवनी, लखनवाड़ा)की ज्वाइंट टीम के द्वारा जुआ रेड कार्रवाई की गई, जिसमें घेराबंदी कर 10+1=11 जुआडियो को पकड़ा गया, जुआ फड में लगभग 70 हज़ार से अधिक की जप्ति है। आरोपियों के विरुध्द मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### 43 वर्षीय अनुसुइया चौधरी हुई लापता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नगझिर निवासी 43 वर्षीय अनुसुइया चौधरी लापता हो गई हैं। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पति रूपचंद चौधरी ने थाने में दर्ज कर दी है।

पति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। 6 जून को सुबह 7 बजे कृषि कार्य के लिए खेत गया था। दोपहर 12 बजे खाना खाने के लिए घर वापस आया तो उसकी परिजनों से पूछा की अनुसुइया आज खेत नहीं आई, कहां गई है। तो परिजनों ने बताया कि तुम्हारे जाने के 1 घंटे बाद सुबह करीब 8 बजे अनुसुइया घमेला और फावड़ा लेकर खेत गई है। तब मैंने बताया कि वह खेत नहीं आई फिर मैं खेत, खलिहान, रिश्तेदारी में पता किया। कहीं कोई पता नहीं चला।

# रागिनी ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया, वुशु खेल में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



दिनांक 7से 8 जून को आयोजीत भारतीय वुशु संघ के द्वारा बनाई गई मध्यप्रदेश के लिए हेडऑफ़ कमेटी द्वारा तुकोजी राव पवार इंडोर हाल देवास में आयोजित हुई जिसमें सिवनी जिले से कोच राहुल विश्वकर्मा के साथ रागिनी कुंभारे संध्या सनोडिया स्वाति वंदेवार सिवनी जिले से सम्लित हुए जिसमे 65 kgमें रागिनी ने इंदौर व सतना जिले खिलाड़ियों को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया व 24 वी राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता जो कि पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर राजिस्थान में दिनाक 14 से 19 जून को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सिवनी जिले व मध्यप्रदेश का नेतत्व करेंगी व सिवनी से राहुल विश्वकर्मा को मध्यप्रदेश टीम का कोच नियुक्त किया गया है। आज सिवनी बाला घाट की संसद श्रीमती भारती पारधी जी सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी सिवनी कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी भाजपा के पूर्व जिला उपाधयक्ष नरेन्द्र गुड्डू ठाकुर जी जिला खेल अधिकारी मेनु धुर्वे जी संतोष अग्रवाल जी मुनिया टांक जी गड़मान्य नागरिक ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# रिश्तेदार की गलत नीयत का शिकार हुई नाबालिग पीड़िता, आरोपी पहुंचा जेल

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा प्रतिदिन महिला संबंधी प्रकरणों की मानिटरिंग कीजाकर आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

निर्देश के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप वाल्मिकी के मार्गदर्शन मे नाबालिग पीड़िता को गलत नीयत का शिकार करने वाले आरोपी सतीश उईके निवासी बंडोल को महिला थाना सिवनी द्वारा गिरफ्तार किया गया।

घटना इस प्रकार है कि नाबालिग पीड़िता द्वारा दादा के साथ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि रिश्ते का भाई लगने वाला सतीश उईके निवासी सागर बंडोल बातचीत करने के बहाने गलत नीयत का शिकार बनाया। पिता के दूसरी शादी कर अलग रहने के कारण नाबालिग पीड़िता डरी सहमी किसी को घटना की जानकारी नही दी। गर्भवती होने के बारे मे पता लगने पर हिम्मत कर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी सतीश उईके निवासी ग्राम सागर थाना बंडोल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय व्दारा जेल वारंट बनाये जाने पर जेल दाखिल किया गया ।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन उपकरण वितरण शिविर में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सोमवार, दिनांक 09/06/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला सिवनी द्वारा आयोजित सहायक उपकरण वितरण शिविर मे शामिल हुए। आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नई दिल्ली की एडिप योजना अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण (एल्मिको) के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला सिवनी द्वारा दोपहर 12:00 बजे से राशि लान मे आयोजित सहायक उपकरण वितरण शिविर मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन अतिथि के रूप मे शामिल हुए। कार्यक्रम के आरंभ मे सर्वप्रथम राय, सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के करकमलों से मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर पूजन के उपरांत विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का अतिथि सत्कार किया गया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं अतिथियों के हस्ते दिव्यांग जनो को निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सर्वसंतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष, प्रदीप राय जिला उपाध्यक्ष भाजपा, आनंद शर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, नरेन्द्र ठाकुर , युवराजसिंह राहंगडाले जिलाध्यक्ष भाजयुमो, घनश्याम बघेल जिलाध्यक्ष नमोविमं, नितेंद्र गुड्डू बघेल , नितेश सनोडिया मंडल अध्यक्ष, तरुण मुनिया टांक संयोजक अटल विचार मंच, अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पी कालेज, गोपाल पवमें , संजय सोनी , राजू यादव पार्षद, श्रीमती राजकुमारी बरमैया पार्षद, खुशेन्द्र पवार , कविता शर्मा , अनीता राठौर , छिद्दीलाल श्रीवास , मुकेश चंदेल , अनूप मिश्रा , गौरव बिसेन , रिषभ चौरसिया , बादल बेन , अतीत बिसेन , अंकित ठाकुर , रोहित साहू सहित जिला कलेक्टर सुसंस्कृति जैन , राजेश लिल्लारे उपसंचालक वित्त, राजेश पटेल उपसंचालक प्रशासनिक, प्रशांत सोनी समग्र अधिकारी, सुनील आवारी एवं अधिकारियों, कर्मचारियों, दिव्यांग जनों, अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा विगत दिवस विधायक दिनेश राय मुनमुन ने राजधानी भोपाल मे केबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह , पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा , विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से मुलाकात किया।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आज

सिवनी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने बताया कि जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक का अयोजन कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में दिनांक 10 जून को शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियिम के अंतर्गत संचालित योजनाओं की एजेण्डावार समीक्षा के साथ-साथ प्रथम त्रैमास एवं छमाही समीक्षा बैठक भी संपन्न होगी।

# केवलारी विधायक ठा.रजनीश सिंह ने संगठनात्मक बैठक में सहभागिता किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आज दिनाँक 09 जून 2025 को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने इंदिरा भवन जिला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में आयोजित संगठनात्मक बैठक के आयोजन में सहभागिता किया। अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी एवं हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी की मंशानुरूप पार्टी की मजबूती के लिये मध्यप्रदेश में ₹संगठन सृजन₹ अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तारतम्य में आज ज़िला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम ,सौरभ सिसोदिया एवं तरवर सिंह लोधी ने संगठनात्मक बैठक ली। सर्वप्रथम बैठक के आयोजन में उपस्थित होकर केवलारी विधायक



ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम पुष्प माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।तत्पश्चात भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया तत्पश्चात बैठक प्रारंभ की गई। बैठक के आयोजन में जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम ने कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत करने लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं से सुझाव माँगे। बैठक के आयोजन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गण, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस,एन.एस.यू.आई, सेवादल,समस्त जिला कांग्रेस के पदाधिकारी गण,समस्त ब्लॉक , मंडलम, सेक्टर, बूथ कांग्रेस कार्यकर्ता गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जेएसपीएल नाइट टूर्नामेंट बॉयस बनी पहली चैंपियन

**सिवनी।** जेएसपीएल टूर्नामेंट के 13 वे दिन एमसीजी ग्राउंड पर दूधिया रोशनी में फाइनल बॉयस और जैस XI के मध्य हुआ। बॉयस के कप्तान आसिफ पटेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाकर 145 रनों को लक्ष्य दिया। बॉयस की ओर से इमरान ने 19 गेंद पर 41 और भोपाली ने 10 गेंद पर 38 रनों की शानदार पारी खेली।जैस XI की और से अरुण, सुनील, मन्नी ने 1-1और कृष्णा ने 2विकेट लिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी जैस XI ने 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान मैं सिर्फ 103 रन ही बना पाई और यह फाइनल मैच 40 रन से बॉयस ने जीतकर टूर्नामेंट पर कब्जा किया।जैस की और से सर्वाधिक 16 गेंद पर 43 रन कोमल ने बनाये। बॉयस की और से सानू आरिफ ने 1-1 और महेंद्र बर्मन ने दो विकेट लिया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच भोपाली रहे आज के फाइनल मैच की मुख्य अतिथि पवार समाज के अध्यक्ष हरकचंद टेमरे,भारतीय जानता पार्टी के जिला महामंत्री अजय डागोरिया,कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बावनकर, लखनवाड़ा थाना प्रभारी सिरामे जी, डुंडा सिवनी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, कबीर वार्ड के पार्षद संजय भलावी, टूर्नामेंट के अध्यक्ष संजय ठाकुर, गोलू सक्सेना के साथ सदभाव ग्रुप के सभी सदस्य रहे तथा उपविजेता जैस क्लब 15000 व ट्राफी दी गई। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मन्नी चौरसिया,बेस्ट बल्लेबाज इमरान,बेस्ट बॉलर मन्नी चौरसिया एवं बेस्ट फिल्डर सुनील सिंह रहे। फेयर प्ले अवार्ड संयुक्त रूप से टीम सनराइजर्स और कुरई वॉरियर्स को दिया गया ।

# भारत माता की प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर सांसद भारती पारधी व जिलाध्यक्ष मीना बिसेन ने किया माल्यार्पण

**सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी के परिसर में विगत दिनों भारत माता की मूर्ति का अनावरण मध्य प्रदेश के एसएससी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया उक्त आयोजन के उपरांत 9 जून को बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी व भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने कॉलेज के परिसर में भारत माता की मूर्ति के समक्ष उपस्थित होकर माल्यार्पण व पूजन अर्चन किया उक्त आयोजन में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता अजय बाबा पांडेय व प्राचार्य डॉ एम सी सनौड़यिा की उपस्थिति रही महाविद्यालय परिसर में सांसद भारती पारधी को प्रथम बार महाविद्यालय के विद्यार्थियों मैं काफी हर्ष और उल्लास देखा गया इस दौरान एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद वाले विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालीन छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। उक्त आयोजन मैं महाविद्यालय जनभागी दारी समिति के सदस्यों के साथ महाविद्यालय से डॉ एस पी सिंग, डॉ ज्योत्स्ना नावकर, डॉ सविता मसीह, डॉ पवन वासनिक, डॉ श्याम राहँगडाले, प्रो के के बरमैया, डॉ श्रुति अवस्थी,डॉ पूनम अहिरवार,स्तुत्य राहँगडाले, के सी राउर,डॉ दिनेश वर्मा सहित महाविद्यालय के कर्मचारीओ व अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## यह एक घटना नहीं आइना हैं हम सबके लिए.. सीमा चौहान

# माता पिता जबरदस्ती ना बांधे अपने बच्चों को विवाह बंधन में..

**कभी सात फेरों में लिए गए वचन जीवन की सबसे बड़ी सौगंध माने जाते थे। एक वक़्त था जब शादी को सिर्फ़सामाजिक संस्था नहीं, आत्मा के मिलन का प्रतीक कहा जाता था। लेकिन अब जैसे इन वचनों का मूल्य मिट्टी में मिलता जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अब शादी रिश्तों का सम्मान नहीं, 'अवसर' बनती जा रही है और जब वह अवसर पूरा हो जाए, तो सामने वाला इंसान बस एक बाधा रह जाता है। यही हुआ राजा रघुवंशी के साथ। एक नवविवाहित दूल्हा, जो सपनों से भरा हुआ अपनी पत्नी के साथ हनीमून पर गया, और लौट कर आया एक लाश बनकर।

राजा की हत्या उसी की पत्नी सोनम ने कराई- शिलांग की वादियों में, जहाँ लोग प्रेम की कविताएँ लिखते हैं, वहाँ उसने खून की साजिश रच दी। प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाना, वो भी उसी हनीमून ट्रिप में, जहाँ नए जीवन की शुरुआत होनी थी। यह सिर्फ एक हत्या नहीं, विश्वास के नाम पर गद्दारी थी। इस घटना ने साबित कर दिया कि अब रिश्तों में प्रेम कम, स्वार्थ अधिक है। अब विवाह वचन नहीं, विकल्प बन गया है। जब मन नहीं भरा, तो दूसरा रास्ता पकड़ लिया, और जो आड़े आया, उसे मिटा दिया।

समाज किस दिशा में जा रहा है? कभी पति की लाश को ड्रम में भर दिया जाता है, तो कभी प्रेमी के साथ मिलकर जहरीले साँप से कटवाकर हत्या कर दी जाती है। अपराध अब गुस्से या पागलपन की उपज नहीं रहे, वे अब 'सोची-समझी योजना' हैं और सबसे दुखद बात ये है कि वे अपनों के ही हाथों हो रहे हैं। हम धीरे-धीरे एक ऐसे युग में दाख़िल हो रहे हैं, जहाँ भावनाओं की कोई कीमत नहीं बची, जहाँ संबंध सिर्फ एक औपचारिकता हैं और इंसानियत? वह तो इस खेल में सबसे पहले मर चुकी होती है।

रिश्ते अब दिल से नहीं, दिमाग से चलने लगे हैं। जहाँ लाभ दिखा, वहाँ रिश्ता निभाया गया; जहाँ नुकसान दिखा, वहाँ उसे खत्म कर दिया गया,चाहे किसी की जान ही क्यों न चली जाए। नैतिकता अब किताबों में रह गई है, और समाज अब स्याह साजिशों से चल रहा है।

ये एक घटना नहीं, आईना है। हम सबके लिए। जो यह पूछता है: क्या हम सच में 'समाज' कहलाने लायक बचे हैं? अगर हाँ, तो क्यों रोज़ कोई राजा रघुवंशी अपने ही रिश्ते की कब्रगाह बन जाता है?

क्यों आज प्यार का मतलब 'पार्टनर बदलना' और शादी का मतलब 'समझौता' बनकर रह गया है? और सबसे बड़ा सवाल — अगर यही चलता रहा, तो अगली हत्या किसकी होगी..?

# 273 दिव्यांगजनों को एडिप योजनांतर्गत वितरित किए गए सहायक यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत जिला कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशन में 09 जून 2025 को स्थानीय निकायों में आयोजित चिन्हांकन शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन राशि लॉन सिवनी में किया गया।

कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मीना बिसेन, श्री अरूण शर्मा, श्री संतोष अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण, दीप प्रज्जलन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, प्रभारी सीईओ जनपद सुश्री रेखा देशमुख सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कार्यक्रम को संबोधित कर योजना से लाभांवित होकर सहायक उपकरण प्राप्त कर रहे सभी व्यक्तियों को



शुभकामनाऐं दी। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरणों के सहारे दिव्यांगजनों की दैनिक दिनचर्या सुगम हो सकेगी। अन्य व्यक्ति पर आश्रित होने के भाव को कम किया जा सकेगा।

विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद दिव्यांग की मदद के लिए कार्य कर रही है। जरूरतमंदों की मदद के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। सरकार का प्रयास है कि दिव्यांग व्यक्ति को हर जरूरी सुविधा दी जाए, ताकि उनका जीवन यापन सही ढंग से हो सके। इसी के तहत सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।

भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण एलिम्कों जबलपुर के सहयोग से सिवनी जनपद एवं सिवनी नगरीय निकाय के 164 एवं बरघाट जनपद 109 कुल 273 चिह्नित किए दिव्यागजनों को सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग निःशुल्क वितरित किया गया। साथ ही शिविर में दिव्यांगजनों 36 मोट्राइज्ड ट्रायसिकल, 76 ट्रायसिकल, 61 व्हीलचेयर, 4 सीपी चेयर, 44 श्रवण यंत्र, 74 बैसाखी, 53 वाकिंग स्टीक, 11 रोलेटर, 40 टीएलएम किट, 7 सुगम्य कैन, 40 कृत्रिम अंग सहित 446 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। सहायक उपकरण शिविर में एलम्कों जबलपुर के सिवनी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत स्वास्थ्य एवं महिला बाल कल्याण समिति की बैठक 11 मई को

**बालाघाट :** जिला पंचायत की स्वास्थ्य एवं महिला बाल कल्याण स्थाई समिति की मासिक समीक्षा बैठक 11 मई को दोपहर 01 बजे समिति की सभापति श्रीमती केशर बिसेन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

## आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 51 एवं 64 में स्वास्थ्य जांच शिविर हुआ आयोजित



**एसएएम, एमएएम एवं धात्री महिलाओं को किया गया दवाइयों का वितरण**

**बालाघाट:** महिला एवं बाल विकास परियोजना बालाघाट द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया एवं परियोजना अधिकारी श्री शैलेंद्र चौकसे के मार्गदर्शन में सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 51 एवं 64 में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अति गंभीर कुपोषित (एसएएम) एवं गंभीर कुपोषित (एमएएम) बच्चों गर्भवती, धात्री किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही अति गंभीर कुपोषित बच्चों को एमाक्सीसिलिन, मल्टीविटामिन आयरन सिरप, जिंक, एल्बेंडाजोल आदि दवाइयां का वितरण किया गया। वहीं एसएएम एवं एमएएम बच्चों को न्यूट्रीशन किट का वितरण किया गया एवं पोषण पुनर्वास केंद्र हेतु एसएएम बच्चों का चिन्ह्यांकन कर परिजनों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम में एपीएम डॉ संजय मानेश्वर,मेडिकल ऑफिसर डॉ लक्ष्य वर्मा व डॉ करिश्मा सिल्हारे एवं पर्यवेक्षक श्रीमती नेहा ठाकुर उपस्थित रही।

## प्रचंड गर्मी ने बढ़ाई लोगों की मुसीबतें

**42 डिग्री पहुंचा तापमान, अभी नहीं मिलेगी राहत**


**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।** जिले सहित तहसील क्षेत्रों में गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसने आम जनजीवन को पूरी तरह से अस्त.व्यस्त कर दिया। न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसके कारण रातें भी गर्म और उमस भरी हो गई हैं। तेज धूप और 9 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही गर्म हवाओं ने लोगों को बुरी तरह झुलसा दिया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है और इस सप्ताह अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री तक जा सकता है। इस प्रचंड गर्मी ने न केवल लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित किया है, बल्कि स्थानीय बाजारों और दैनिक गतिविधियों पर भी गहरा असर डाला है। गर्मी की इस लहर ने क्षेत्र के लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है। दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है, क्योंकि लोग दोपहर की तपती धूप से बचने के लिए घरों या छायादार स्थानों का सहारा ले रहे हैं। खेतों में काम करने वाले मजदूरों और दिहाड़ीदारों के लिए यह मौसम किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। दिन में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गर्म हवाओं से चेहरा जल रहा है।

## भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

# धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष अद्वितीय नेतृत्व का प्रतीकः रामकिशोर कावरे

बालाघाट।

झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व के प्रतीक और जनजाति समाज के महानायक, भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा ने धरती के आबा के श्रीं चरणों श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपनी पुष्पांजलि में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने कहा, 25 वर्ष की अल्पायु में आदिवासी अस्मिता, अधिकार और अस्तित्व की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने वाले बिरसा मुंडा की शहादत आज भी जन-जन के ह्रदय में अमिट छाप छोड़ती है। श्री कावरे ने कहा, धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, आत्मबल और अद्वितीय नेतृत्व का प्रतीक है। वे आज भी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उनकी पुण्यतिथि न केवल उन्हें श्रद्धांजलि देने का अवसर है बल्कि उस संघर्ष को याद करने का दिन भी है, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को जनआंदोलन का स्वरूप दिया था।





### श्रृद्धा सुमन किया अर्पित

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे, कटंगी विधायक गौरवसिंह पारधी, पूर्व मंत्री प्रदीप गुड्डा जायसवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे, रमेश रंगलानी, डां टीडी वैध, सत्यनारायण अग्रवाल, अभय सेठिया, महेंद्र सुराना, जिला महामंत्री मौसम बिसेन, डां नरेंद्र भैरम, सुरेन्द्र गुड्डा मरकाम, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, संजय खंडेलवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष दिलीप चौरसिया, संजय पप्पू गौतम, राजेश पाठक, श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी, कल्पना मर्सकोले, अरुणा गजभिए, मीना नन्हे बहेकर, मीना रांहगडाले, रूपेश वैध, सुमित यादव, किशोर अमूले, हेमेंद्र क्षीरसागर, सुधीर चौधरी, राकेश सेवईवार, कन्हैया चौहान, राजेश गोमासे, योगेश खैरवार, योगेश शरणागत, आलोक चौरसिया, योगेश सोनवाने, योगेश बिसेन, विजय पटले, मुकेश चौकसे, जैनेंद्र कटरे, मोनिल जैन, राजेश लिल्हारे, खिमेंद्र गौतम, सिद्धार्थ बाजपेई, डां अनमोल रामटेके, मिलिंद नागपुरे, संतोष साहू, संकेत राठौर, जितेंद्र सिंह राजपूत, गणेश लिल्हारे, पवन लिल्हारे, प्रह्लाद पारधी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रृद्धा सुमन अर्पित किया।

### बलिदान को भारत सरकार का सम्मानः गुड्डा मरकाम

आगे, अपनी विनम्र शब्दांजलि में भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र गुड्डा मरकाम ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले में हुआ था। उन्हें उनके अनुयायी भगवान का दर्जा देते हैं और प्यार से 'धरती आबा' कहकर पुकारते हैं। उन्होंने आदिवासियों की जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान (महाविद्रोह) का नेतृत्व किया। यही नहीं, उन्होंने सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वास के विरुद्ध भी आदिवासी समाज को जागरूक किया। श्री मरकाम ने बताया जन-जन की श्रद्धा, बिरसा मुंडा के बलिदान को सम्मान देने के लिए भारत सरकार ने उनके जन्म दिवस 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। ऐसे मां भारती के सपूत को शत-शत नमन।

## पीएम आवास योजना 2.0 के तहत हितग्राहियों का ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य

**3 दिवस के भीतर अंतिम रूप से कर सकते है आवेदन**

**बालाघाट :** शासन द्वारा वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 लागू की गई है। जिसके तहत आवेदकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन कर दिये गये है। किन्तु नगरपालिका परिषद बालाघाट सीमा क्षेत्रांतर्गत कुछ हितग्राहियों द्वारा अब तक अपने भूमि/भवन से संबंधित दस्तावेज़, परिवार समग्र आईडी, सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक पास बुक की प्रति, मतदाता परिचय पत्र, मूल निवासी प्रमाण, आय प्रमाण पत्र, एवं पेनकार्ड की प्रति कार्यालय में जमा नहीं किये जाने के कारण उनके आवेदन लंबित है, जिन पर अग्रिम कार्यवाही किया जाना है। सीएमओ बालाघाट श्री बीड़ी कतरोलिया द्वारा प्रेष विज्ञप्ति के माध्यम से जिले के ऐसे आवेदकों से आग्रह किया गया है कि वे समस्त दस्तावेज तीन दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री आवास शाखा में जमा कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि में दस्तावेज प्राप्त न होने की स्थिति में ऐसे आवेदकों के आवेदन निरस्त किया जा सकेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की स्वयं की होगी।

सीएमओ श्री कतरोलिया ने बताया कि कुछ हितग्राहियों द्वारा अपने भूमि/भवन से संबंधित दस्तावेज परिवार के सदस्यों के नाम से अथवा शामिल शारीक में है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए शासन से जारी दिशा निर्देशों के अनुसार भूमि/भवन से संबंधित आवेदक के स्वयं के नाम से या पति-पत्नि में से किसी एक के नाम से होना आवश्यक है। ऐसे आवेदक अपने भूमि/भतन से संबंधित दस्तावेज परिवार के सदस्यों अथवा पूर्वजों के नाम से होने की स्थिति में उक्त दस्तावेज से अपना नाम पृथक कराकर, राजस्व विभाग से मान्य अपने स्वयं के नाम के दस्तावेज कार्यालय में तीन दिवस के भीतर आवश्यक रूप से कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास शाखा में स्वयं उपस्थित होकर श्री राहुल केलकर (मोबा. नं. 9630302849) अथवा श्री कपिल धैर्यकर (मो.नं. 9589335566) के पास जमा करावें, आवेदक के स्वयं के नाम से भूमि/भवन से संबधित दस्तावेज नहीं होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आवेदक की स्वयं की होगी।

## निक्षय टीबी अभियान के अंतर्गत 102 व्यक्तियों की हुई स्क्रीनिंग, 250 व्यक्तियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण





बालाघाट

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के दिशा निर्देश पर सोमवार स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासो से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन का कर टीबी मुक्क्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय 100 दिवसीय कार्ययोजना में बालाघाट शहरी क्षेत्र में 102 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में सामान्य हितग्राहियो की जॉच के अतिरिक्त विशेष रूप से अति गंभीर कुपोषित सेम बच्चो के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक उपचार के लिए सभी गर्भवती महिलाओं/धात्री माताओं की जॉच, सभी उम्र के बालक बालिकाओं की जॉच,किशोरी बालिकाओं एवं 20 से 49 वर्ष तक की महिलाओं की जॉच, निरोगी काया अभियान, स्वस्थ यक्रत मिशन सहित सभी प्रकार के एनसीडी रोगो की जॉच की गई। शिविर में करीब 250 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक वार्ड क्रमांक 24 के आंगनवाडी केन्द्र क्रमांक 51 में एवं इसी तरह वार्ड क्रमांक 30 के आंगनवाडी केन्द्र क्रमांक 61 में भी स्वास्थ्य शिविर अलग -अलग आयोजना कियें गए।स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क आयोजित किया जा रहें है। जिसमें मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक ढिमरटोला से डॉ. प्रिया मोरोपे, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक गायखुरी से डॉ. लक्ष्य वर्मा एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरेखा से डॉ. करिश्मा सिल्हारे एवं उनके पैरामेडिकल स्टॉफ, एएनएम/आशा कार्यकर्ता द्वारा सभी वार्ड वासी हितग्राही की जॉच एवं उपचार निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है।

# जीवन बदलने का मार्ग बनी सुदर्शन क्रिया



**बालाघाट।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बालाघाट जिले में लगातार लोगों के चेहरे में मुस्कान लाने एवं तनाव मुक्त करने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से आर्ट ऑफ लिविंग बालाघाट जिले के हजारों चेहरों पर मुस्कान लाने तनाव मुक्त रहने का माध्यम बना है। आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा 3 जून से 8 जून तक बालाघाट नगर के नगर पालिका सभागार में हैप्पीनेस शिविर का आयोजन किया गया था। जिसका 8 जून को समापन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर एवं डॉ हेमंत राहंगडाले ने चर्चा के दौरान बताया कि तनाव ग्रस्त एवं शारीरिक तौर पर अस्वस्थ जीवन जीने वाले जिंदगी को बदलने और स्वयं में बदलाव लाने के लिए एक बार आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस कार्यक्रम का हिस्सा जरूर बने जिंदगी में परिवर्तन की नई ऊर्जा स्पीड लेकर जीवन जीने का आनंद ही आनंद मिलेगा। योग संस्कृति हमारी धरोहर है और हमने जिसका प्रयोग कर लिया तो हम अपने जीवनी के मूल्यों को पा सकते हैं हम सभी का उद्देश्य हिंसा मुक्त और तनाव मुक्त जीवनी कल से लोगों को प्रदर्शित करना है। यह संकल्प हम सभी का होना चाहिए जिसे आज मिशन के रूप में श्री श्री द्वारा पूरे विश्व के 180 से अधिक देशों में चलाया जा रहा है और इसके मूल में खुशी और स्वतंत्रता का अनुभव करना है।

### साधको ने किये अनुभव साझा

सुदर्शन क्रिया योग ने मेरी जिंदगी बदल दी। हैप्पीनेस योग शिविर में जीवन प्रबंधन, तनावमुक्त, रोग प्रतिरोधी स्वास्थ्य व प्रसन्नचित्त शांत मन से आज मैं स्वयं को खुशी, शांति और मजबूत आत्मविश्वास महसुस कर रहा हुं, यह भाव आर्ट ऑफ लिविंग के समापन अवसर पर शिविर के दौरान योग, ध्यान, प्राणायाम, आसन और सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण ले चुके लगभग सभी साधकों ने व्यक्त किये।

### 10 जून से 15 जून तक हैप्पीनेस शिविर



गौरतलब हो कि प्रशिक्षणार्थियों की माँग पर आगामी 10 जून से 15 जून तक पुनः आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस शिविर का आयोजन किया गया । जहां प्रातः 6:00बजे से प्रातः09:00 बजे तक शिविर का आयोजन स्थानीय बालाघाट नगरपालिका के सभागार में किया जाएगा । 10 जून से 15 जून तक होने वाले हैप्पीनेस शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने की है।

### बेटे ने कहा तो पहुंच गया शिविर- आकाश वैश्य

आकाश वैश्य ने बताया कि अधिकांशत यह होता है कि किसी भी शिविर या कोई कार्यक्रम के बारे में दोस्त या परिचित लोग बताते हैं लेकिन मुझे इस शिविर में भेजने का काम मेरे बेटे ने किया है। जिसके कहने पर मैं इस शिविर में आया और शिविर में 6 दिनों तक मैंने योग साधना और सुदर्शन क्रिया कर एक ऐसा अनुभव किया है जिसको मैं शब्दों पर ब्या नहीं कर सकता। लेकिन जो मेरे जीवन में परिवर्तन हुआ है मैं चाहूंगा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मैं इस ज्ञान को पहुंचा सकूं और इसके लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहूंगा।

### तनाव से मिली मुक्ति - विजय

साधक विजय ने बताया कि यह आनंद अनुभूति शिविर करने से मुझे तनाव से मुक्ति मिली है। मैं हमेशा अपने व्यक्तिगत जीवन में तनाव महसूस करता था। लेकिन इन 6 दिनों में तनाव 95% समाप्त हो चुका है।जिससे अब मेरा मन हल्का हो चुका है एवं शांति का अनुभव कर रहा हूं। लगातार मैं अब सुदर्शन क्रिया करूंगा और अपने जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करता रहूंगा और लोगों के जीवन में भी सुदर्शन क्रिया का ज्ञान बांटने की कोशिश करूंगा।

### मन प्रसन्न रहने लगा- साक्षी

कालेज छात्रा साक्षी ने कोर्स के अपने अनुभव बताया कोर्स में आने से पहले बहुत गुस्सा और चिड़चिड़ापन होता था बदले की भावना उत्पन्न होती थी लेकिन कोर्स करने के बाद मन प्रसन्न और सब के प्रति प्रेम व सम्मान की भावना है ।

### जीवन जीने की कला सीखी- यशवंत राणा

यशवंत राणा ने कहा अब मैं प्रतिकूल परिस्थितियों को बेहतर तरीके से संभाल सकता हूँ खासकर जिस तरह से मैंने आलोचना या प्रशंसा को संभाला। मैंने अपने कौशल में सुधार किया और अपनी खामियों पर काम किया, और लोगों की राय से खुद को न जोड़ने में बेहतर हुआ। इस कार्यक्रम की कुछ प्रक्रियाओं ने मुझे जीवन के बारे में व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया। मैं भविष्य में ऐसे कई अनुभवों की आशा करता हूं।"

### बौद्धिक और भावनात्मक स्थिति के बीच संतुलन खोजने में सक्षम हुआ- खिलेश्वर पटले

खिलेश्वर पटले ने बताया कि इस कार्यक्रम के बाद, मैं अपने बौद्धिक और भावनात्मक स्थिति के बीच संतुलन खोजने में सक्षम हुआ। इसका मेरे व्यवहार और निर्णय लेने पर तत्काल प्रभाव पड़ा। मैं अपने आस-पास के नए लोगों के साथ अधिक स्वाभाविक महसूस करने लगा। मेरा मन शांत और एकाग्र हुआ है।भूतकाल की घटनाओं से बाहर आकर वर्तमान का अच्छे से अनुभव कर रहा हूँ ।

## इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ वृहद पैमाने में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

बालाघाट

विकसित कृषि संकल्प अभियान सहकारिता विभाग के साथ ही कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य व पशुपालन के साथ ही कृषि अभियांत्रिकी विभागों की मौजूदगी में नवीन तकनीकों के साथ ही योजनाओं के विस्तार के लिए प्रारम्भ हुआ है। इस अभियान में कृषिगत कार्यो से जुड़े विभागों के कार्यो की समीक्षा कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में की गई। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि अभियान अब अंतिम चरणों पर है, शेष बचें समय में पशुपालन विभाग व मत्स्य विभाग ज्यादा से ज्यादा किसानों के केसीसी कार्ड बनाने में प्रगति लाएंगे। वहीं कृषि विभाग द्वारा एकत्रित किये गए मिट्टी के नमूनों की जांच के बाद शत प्रतिशत मृदा कार्ड वितरित करेंगे।साथ ही उद्यानिकी विभाग की प्रगति निराशाजनक पाये जाने पर कलेक्टर श्री मीना ने कृषि विभाग उपसंचालक द्वारा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान किये गए कार्यो के सम्बंध में नगरीय निकायों के सीएमओ ने निकाय वार जानकारी दी। अभियान के दौरान नगरीय निकायों में 14 बिगड़े बाग बगीचों का सुधार किया गया। इसी तरह 39 प्याऊ स्थापित की गई, वहीं 19 तालाबो का जीर्णोद्धार, 91 कुओं की सफाई कराई गई। कलेक्टर श्री मीना ने निकायों को 30 जून तक दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने क्व निर्देश दिए है। बैठक के दौरान पीआईयू व पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्रियो की अनुपस्थिति पर कलेक्टर श्री मीना ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन काटे जाने के भी निर्देश दिए है। बैठक में जिपं सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, एसडीएम श्री गोपाल सोनी तथा सभी विभागीय अधिकारी शामिल रहें। साथ ही अन्य विभागीय अमला गूगल मीट से जुड़ा रहा।

### ड्रिप स्प्रिंकलर में 16 प्रतिशत प्रगति पर उद्यानिकी विभाग

विकसित कृषि संकल्प अभियान के सम्बंध ने जिला मत्स्य अधिकारी पूजा रोड़गे ने बताया कि 200 के टारगेट में 84 पूर्ण हो चुके है। कलेक्टर श्री मीना ने शीघ्र प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कृषि उपसंचालक श्री खोबरागड़े तथा उद्यानिकी विभाग प्रमुख को भी सिंचाई अंतर्गत ड्रिप व स्प्रिंकलर की प्रतिशतता बढ़ाने के लिए कहा है।उद्यानिकी विभाग को ड्रिप स्प्रिंकलर के लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे। विभाग द्वारा मात्र 16 प्रतिशत प्रगति की गई। जबकि सम्भाग के जिलों में डिंडोरी को छोड़कर बालाघाट का कृषि क्षेत्र अधिक होने के बावजूद 30 प्रतिशत से कम प्रगति हुई है। इस बात पर कलेक्टर श्री मीना ने नाराजगी व्यक्त की साथ ही शेष समय में लक्ष्य पूर्ण करने की हिदायत भी दी। इस दौरान उन्होंने सोइल हेल्थ कार्ड के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। जिस पर बताया गया कि नमूने प्रयोगशाला शाला भेज दिए गए है। कलेक्टर श्री मीना ने नवीन मिट्टी परीक्षण में प्रयोगशाला में युवा उद्यमी संस्थाओ द्वारा मृदा नमूने की भी प्रगति जानी। जिसमे उन्होंने डिपार्टमेंट हेड को निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित करे कि डीएमएफ में उनका प्रगति स्तर क्या है और कैसे इसे बढ़ाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने श्री खोबरागड़े को किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करने के निर्देश दिए।

